# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, जनपद–सुलतानपुर

Email- cdosultanpur@gmail.com

**जनपद–सुलतानपुर के जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यो की दिनांक 28.08.2025 को सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त –**

बैठक में निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारी/फर्म प्रतिनिधि उपस्थित थे।

1. श्री वकार हुसैन, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
2. श्री प्रमोद कुमार, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
3. श्री रवि प्रताप सिह, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
4. श्री आर0एस0 प्रसाद, सहा0अभि0, खण्ड कार्यालय(वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
5. श्री प्रितम सिंह, सहायक अभियन्ता (SWSM), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
6. श्री कुमार नीतीश, डी0पी0एम0, मेसर्स फिचनर, टी0पी0आई0, सुलतानपुर।
7. श्री अमन शुक्ला, प्रोजेक्ट मैनेजर एम0ई0, प्रतिनिधि, डी0पी0एम0यू0, सुलतानपुर।
8. श्री मनीष सिंह, सहा0जन0मैने0, मेसर्स विध्या टेलीलिंक–गाजा (जे0वी0), सुलतानपुर।
9. श्री हरेन्द्र भाम्भू, परि0प्रब0, मेसर्स यू0एम0पी0ई0एस0एल0, सुलतानपुर।
10. श्री अंकित उपाध्याय,परि0प्रब0, मेसर्स जी0पी0एल0–रैमकी (जे0वी0)/एम0आई0आ0पी0पी0एल0, सुलतानपुर।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फेज–02 एवं फेज–03 में जनपद सुलतानपुर में नामित एजेन्सी की प्रगति का विवरण निम्नानुसार है–

➢ **मेसर्स गायत्री–रैमकी (जे0वी0)**–जनपद सुलतानपुर में फेज 02 के अन्तर्गत 67 राजस्व में 49 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–

| क्र0 सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 29.07.2025 | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 28.08.2025 | टिप्पणी | 01 माह का लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 49 नग | 24 नग | 26 नग | मात्र 3 उच्च जलाशय पर कार्य प्रगति पर है। | शेष 23 उच्च जलाशय का कार्य प्रारम्भ किया जाय व 05 नग उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण किया जाय। |
| 2 | नलकूप | 70 नग | 70 नग | 70 नग | – | – |
| 3 | पम्पहाउस | 70 नग | 56 नग | 59 नग | 02 कार्यस्थल पर कार्य प्रगति पर है। | समस्त पम्पहाउस का कार्य प्रारम्भ किया जाय एवं 05 पम्पहाउस का कार्य पूर्ण किया जाय। |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 70 नग | 24 नग | 24 नग | लेबर नहीं है। | जिन कार्यस्थल पर पम्पहाउस का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है वहां सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण किया जाय। |
| 5 | पाइप लाइन | 1065 किमी0 | 1057 किमी0 | 1057 नग | पाइप ज्वाइंटिंग हेतु लेबर नहीं है। | पाइप ज्वाइंटिंग का कार्य पूर्ण किया जाय। |
| 6 | एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन | 34733 नग | 32501 नग | 32560 नग | कार्य प्रगति पर है। | शेष हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण किया जाय। |
| 7 | हर घर जल प्रमाणीकरण | 67 नग | 17 नग | 17 नग | – | हर घर जल प्रमाणीकरण बढ़ाया जाय। |
| 8 | नियमित जलापूर्ति | 67 ग्राम | 38 ग्राम | 38 नग | सोलर अधिष्ठापन न होने के कारण जलापूर्ति बाधित है। | सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर नलकूप से जलापूर्ति प्रारम्भ किया जाय। |

फर्म मेसर्स गायत्री रैम्की जेवी/मिलेनियम इन्फ्रा प्रा0लि0 के परियोजना प्रबन्धक श्री अंकित उपाध्याय द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 03 उच्च जलाशय पर कार्य प्रगति पर है। दिसम्बर, 2025 तक समस्त उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा व समस्त राजस्व ग्रामों में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

➢ **मेसर्स यूनिवर्सल एम0ई0पी0 प्रो0 प्रा0लि0**—जनपद सुलतानपुर में फेज–03 के अन्तर्गत 310 राजस्व में 127 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–

| क्र0 सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 29.07.2025 | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 28.08.2025 | टिप्पणी | 01 माह का लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 134 नग | 82 नग | 84 नग | 10 नग शिरोपरि जलाशय पर कार्य प्रगति पर है। | आगामी बैठक तक निर्माणाधीन 06 उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण किया जाय। |
| 2 | नलकूप | 179 नग | 178 नग | 178 नग | – | शेष नलकूप को पूर्ण कराया जाय। |
| 3 | पम्पहाउस | 179 नग | 165 नग | 166 नग | कार्य प्रगति पर है। | आगामी बैठक तक पम्पहाउसों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाय। |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 179 नग | 144 नग | 149 नग | कार्य प्रगति पर है। | जिन कार्यस्थल पर पम्पहाउस का निर्माण कार्य पूर्ण है वहां सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण करें। |
| 5 | पाइप लाइन | 3082 किमी0 | 3032 किमी0 | 3032 किमी0 | कार्य प्रगति पर है। | शेष पाइप लाइन पूर्ण की जाय। |
| 6 | एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन | 80484 नग | 77214 नग | 77510 नग | कार्य प्रगति पर है। | शेष हाउस कनेक्शन पूर्ण किये जाय। |
| 7 | हर घर जल प्रमाणीकरण | 312 | 110 नग | 110 नग। | – | हर घर जल प्रमाणीकरण बढ़ाया जाय। |
| 8 | नियमित जलापूर्ति | 310 ग्राम | 226 ग्राम | 226 ग्राम | सोलर/ज्वाइंटिग कार्य शेष होने के कारण ग्रामों में जलापूर्ति नहीं हो रही है। | नियमित जलापूर्ति ग्रामों को बढ़ाया जाय। |

फर्म मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी के परियोजना प्रबन्धक श्री हरेन्द्र भाम्बू द्वारा आश्वासन दिया गया कि शिरोपरि जलाशय का कार्य मार्च, 2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

➢ **मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा (जे0वी0)**– जनपद सुलतानपुर में फेज–03 के अन्तर्गत 1251 राजस्व में 482 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–

| क्र0 सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 29.07.2025 | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 28.08.2025 | टिप्पणी | 01 माह का लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 484 नग | 48 नग | 53 नग | 88 शिरोपरि जलाशय पर कार्य प्रगति पर है। | आगामी बैठक तक 250 नग उच्च जलाशय का कार्य प्रगति पर रहे व 25 नग उच्च जलाशय जहां जिंक एलम टैंक अधिष्ठापन एवं इनलेट व आउटलेट पाइप का कार्य शेष है वहां अगामी बैठक तक कार्य पूर्ण किया जाय। |
| 2 | नलकूप | 515 नग | 513 नग | 513 नग | – | शेष 02 नलकूपों का कार्य पूर्ण किया जाय। |
| 3 | पम्पहाउस | 515 नग | 468नग | 468 नग | मात्र 06 पम्भहाउस का निर्माण कार्य प्रगति पर है। | आगामी बैठक तक अतिरिक्त 10 नग पम्पहाउसों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाय। |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 515 नग | 372 नग | 378 नग | कार्य प्रगति पर है। | जहाँ पम्पहाउस का कार्य पूर्ण है वहां पर सोलर अधिष्ठान का कार्य पूर्ण किया जाय |
| 5 | पाइप लाइन | 10261 किमी0 | 10230 किमी0 | 10230 किमी0 | कार्य प्रगति पर है। | शेष पाइप लाइन को पूर्ण किया जाय। |
| 6 | एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन | 249595 नग | 233532 नग | 234228 नग | कार्य प्रगति पर है। | शेष हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण किया जाय। |
| 7 | हर घर जल प्रमाणीकरण | 1251 नग | 87 नग | 87 नग | – | हर घर जल प्रमाणीकरण बढ़ाया जाय। |
| 8 | नियमित जलापूर्ति | 1251 ग्राम | 305 ग्राम | 305 नग | ज्वाइंटिग कार्य शेष होने के कारण जलापूर्ति नहीं हो रही है। | नियमित जलापूर्ति ग्रामों को बढ़ाया जाय। |

फर्म मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक गाजा जेवी के परियोजना प्रबन्धक श्री मनीष सिंह द्वारा आश्वासन दिया गया कि 25 नग अतिरिक्त शिरोपरि जलाशय का कार्य आगामी बैठक तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

उपरोक्त से स्पष्ट है कि जनपद सुलतानपुर के अन्तर्गत जल जीवन मिशन कार्यो की प्रगति धीमी है जिसमें सुधार किया जाना अति आवश्यक है।

जल जीवन मिशन कार्यो की प्रगति बढ़ाने एवं जनपद की रैंक को सुधारने हेतु निम्नानुसार निर्देश दिये जाते है–

1. वर्तमान में जनपद सुलतानपुर के कुल 1697 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 282 राजस्व ग्रामों को 'हर घर जल' से आच्छादित करते हुए हर घर जल प्रमाणीकरण कराया हुआ है, जोकि कुल 16.60 % है। जनपद सुलतानपुर के हर घर जल प्रमाणीकरण बढ़ाने हेतु मेसर्स गायत्री–रैमकी (जे0वी0)/मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा (जे0वी0)/मेसर्स यूनिवर्सल एम0ई0पी0, प्रोजेक्ट प्रा0लि0 को निर्देश दिये गये कि सभी मानको के संतृप्ति करते हुए पेयजल योजना का कार्य पूर्ण कर हर घर जल प्रमाणीकरण कराना सुनिश्चित करें।
2. फर्मो को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष पेयजल योजना से सम्बन्धित समस्त कम्पोनेंट की कार्ययोजना, आवश्यक श्रमिकों की तैनाती तथा सामग्रियों की उपलब्धता का विस्तृत विवरण तैयार कर अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।
3. मेसर्स फिचनर–टी0पी0आई0, सुलतानपुर द्वारा निर्माण कार्यो में प्रयुक्त किये जाने वाले निर्माण सामाग्रियों की नियमित जॉच करें।
4. डी0सी0–डी0पी0एम0यू0–आरवी, सुलतानपुर को निर्देश दिये गये कि जो भी Land Dispute/NOC Issue अवशेष है, उसका निस्तारण कराकर NOC प्राप्त करना सुनिश्चित करें।
5. कार्यदायी फर्मो को अपने स्टेट हेड से समन्वय कर लक्षित ग्रामों को निर्धारित समयावधि में योजना के समस्त कार्यो को पूर्ण कराने हेतु आवश्यक निर्माण सामाग्रियों, पाइपों, डी0आई0 पाइप एवं फिटिंग, वि0/यां0 संयंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी।
6. पाइप लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त मार्गो को पुर्नस्थापित करने हेतु प्रत्येक पेयजल योजनाओं/ग्रामों में सड़क पुर्नस्थापना में प्रयुक्त होने वाली सामाग्रियों को पेयजल योजनावार आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए यथाशीघ्र पुर्नस्थापित कराया जाना सुनिश्चित करेंगे तथा टी0पी0आई0 द्वारा प्रत्येक मार्ग को स्थलीय निरीक्षण करके गुणवत्ता की आख्या प्रस्तुत की जायेगी।
7. कार्यदायी फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि कार्य पूर्ण करने की जो तिथि फर्म द्वारा बताई गई है उस तिथि तक कार्य प्रत्येक दशा में कार्य पूर्ण किये जायें।

(अंकुर कौशिक)
(I.A.S)
मुख्य विकास अधिकारी
सुलतानपुर।

पृ0सं0 2506 / W-30 / 46 दिनांक 08/09/2025

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, सुलतानपुर।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण/ल0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय(वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
7. मेसर्स फिचनर–टी0पी0आई0/डिस्ट्रिक्ट–को ऑर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0–आरवी एसोसिएट्स, सुलतानपुर।
8. श्री मनीष सिंह, सहा0जनरल मैनेजर, मेसर्स विध्या टेलीलिंक–गाजा (जे0वी0), सुलतानपुर।
9. श्री हरेन्द्र भाम्भू, परि0प्रब0, मेसर्स यू0एम0पी0ई0एस0एल0, सुलतानपुर।
10. श्री अंकित उपाध्याय, परि0प्रब0, मेसर्स जी0पी0एल0–रैमकी(जे0वी0)/एम0आई0आर0पी0पी0एल0, सुलतानपुर।

(अंकुर कौशिक)
(I.A.S)
मुख्य विकास अधिकारी
सुलतानपुर।

File जल जीवन मिशन No. 22
Custodian आशाशक्ति Initial